# सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय, आगरा।
# वित्तीय वर्ष 2016–17

**आउट सोर्सिंग के माध्यम से रिक्त पदों के सापेक्ष स्वीपर/अन्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं अन्य सुरक्षा गार्डों की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र**

प्रधानाचार्य,
एस0एन0 मेडिकल कॉलेज, आगरा।

**टैक्नीकल बिड**

| | |
|---|---|
| **निविदा का नाम** | **आउट सोर्सिंग के माध्यम से रिक्त पदो ंके सापेक्ष स्वीपर/अन्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं अन्य सुरक्षा गार्डों की आपूर्ति** |
| निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि | दिनांक 09.08.2016 से 16.08.2016 तक<br>समय प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक। |
| निविदा प्रपत्र के जमा करने की तिथि | दिनांक 17.08.2016<br>समय प्रातः 10.00 बजे से 2.00 बजे तक। |
| निविदा प्रपत्र के खोलने की तिथि | दिनांक 17.08.2016<br>समय अपरान्ह 3.00 बजे |
| बयाने की धनराशि | रु0 4,00,000/– (रु0 चार लाख मात्र)<br>(राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत एफ0डी0आर0 के रूप में जो प्रधानाचार्य, एस0एन0 मेडिकल कॉलेज, आगरा के पक्ष में बन्धक हो) |
| जमानत की धनराशि | रु0 20,00,000/– (रु0 बीस लाख मात्र) |
| निविदा प्रपत्र शुल्क | रू0 1000.00 + वैट अतिरिक्त |

1– निविदा दाता का नाम :

2– निविदा दाता का पूर्ण पता :

3– व्यापार/सेवा कर रजिस्ट्रेशन :

4– आयकरः पैन संख्या वार्ड का नाम सर्किल

5– बयाने की धनराशि का विवरण :

(अ) निविदा सूचना के अनुसार वांछित धरोहर राशि रू0 4,00,000/– (रु0 चार लाख मात्र)

(ब) राष्ट्रीयकृत बैंक का नामः

(स) एफ0डी0आर0 संख्या दिनांक रू0
(प्रधानाचार्य, स.ना.मेडिकल कॉलेज, आगरा के पक्ष में बन्धक किया जाना आवश्यक है)

6– लेबर रजिस्ट्रेशन एण्ड लाइसेन्सः

7– ई0पी0एफ0 एवं ई0एस0आई0 रजिस्ट्रेशन छायाप्रति

8– संगत व्यापार/कार्य सम्बन्धी अनुभव प्रमाण–पत्र
(शासकीय हास्पीटल में कम से कम 100 चतुर्थ श्रेणी श्रमिक आपूर्ति का)

9– पते के प्रमाणन तथा अन्य कोई सूचनाएं (आई0डी0 प्रूफ)

10– सिक्योरिटी एक्ट 2005 रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र

11– रु0 एक करोड़ प्रतिवर्ष कम से कम तीन वर्षों का टर्नओवर प्रमाण पत्र

## घोषणा पत्र

निविदादाता के द्वारा शपथ पूर्वक बयान दिया जाता है कि मैंने निविदा की सभी शर्तों को भली भॉति पढ़ लिया है और वांछित सभी प्रविष्टियों की पूर्ति निविदा प्रपत्र में अंकित कर दी है जो पूर्णतयः सत्य है तथा इससे मैं सहमत हूँ। अंकित सूचनायें अपूर्ण एवं असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा निरस्त समझी जायें।

निविददाता के हस्ताक्षर :
निविदादाता का नाम व पूरा पताः
फोन नम्बर :

निविदादाता को भलीभॉति जानता पहचानता हूॅ मेरे समक्ष निविदादाता ने प्रपत्र पर हस्ताक्षर किया है।

गवाह

| नाम | पूरा पता | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1— | | |
| 2— | | |

**कार्य व्यवस्था के नियम एवं शर्ते —**

1— निविदादाता के कार्यालय में टेलीफोन एवं मोबाइल नम्बर होना आवश्यक है जिसका अंकन निविदा प्रपत्र में करना अनिवार्य होगा।

2— निविदा के प्रस्तुत करने हेतु इस कार्यालय से क्रय किया हुआ निविदा प्रपत्र जो कि प्रस्तुतकर्ता प्रतिष्ठान/व्यक्ति के नाम से क्रय किया हो, ही मान्य होगा, किसी अन्य के नाम से क्रय किया गया निविदा प्रपत्र मान्य नहीं होगा।

3— निविदा प्रपत्र उसी प्रतिष्ठान/व्यक्ति का मान्य होगा जिसके द्वारा इस प्रकार के कार्य का शासकीय हास्पीटल में कम से कम 5 वर्ष का कम से कम 100 चतुर्थ श्रेणी श्रमिक आपूर्ति का कार्य अनुभव होगा। सम्बन्धित प्रतिष्ठान/व्यक्ति जिलाधिकारी कार्यालय से निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (छः माह से अधिक पुराना न हो) की प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य है।

4— प्रतिष्ठान/व्यक्ति को आयकर विभाग/ट्रेड टैक्स विभाग में पंजीयन तथा दोनों विभागों द्वारा विगत तीन वर्षो का किये गये अन्तिम निस्तारण की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। इसके अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

5— निविदा प्रपत्र के साथ वांछित बयाने के धनराशि की एफ0डी0आर0 जो राष्ट्रीयकृत बैंक से अद्योहस्ताक्षरी के नाम बन्धक की गयी हो संलग्न करना अनिवार्य है बिना एफ0डी0आर0 के निविदा निरस्त मानी जायेगी।

6— अ़द्योहस्ताक्षरी द्वारा चिन्हित स्थान एवं उसके आस—पास के क्षेत्र की सफाई व्यवस्था निविदा दाता द्वारा की जायेगी। जिसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता की शिकायत प्राप्त होने पर अनुबन्ध तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

7— जिस निविदादाता की न्यूनतम दरें स्वीकृत होंगी उन निविदादाताओं को स्वीकृत दरों के आधार पर 10% का डिमाण्ड ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत) जो प्रधानाचार्य स.ना. मेडिकल कॉलेज, आगरा के पक्ष में देय हो, संलग्न करना आवश्यक है।

8— निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता को अपने निवास का पूर्ण एवं प्रमाणित पता/फोटो सहित आई0डी0 प्रूफ संलग्न करना आवश्यक है।

9— निविदा प्रपत्र में दी गयी सभी शर्ते मान्य है का रू0 10 नान ज्यूडीसियल स्टाम्प पेपर पर एक शपथ पत्र संलग्न करना होगा।

10— निविदा स्वीकार्य होने पर जमानत की धनराशि एवं रू0 100 नान ज्यूडीसियल स्टाम्प पेपर पर एग्रीमेन्ट प्रस्तुत करना होगा।

11— आफर की गयी दरें न्यूनतम वेतन जो श्रम विभाग द्वारा अनुमोदित होने के अनुसार ही मान्य होंगी।

12— भुगतान शत प्रतिशत कार्य के पूर्ण होने पर 100% भुगतान किया जायेगा।

13— निविदा के साथ अनुभव प्रमाण—पत्र लगाना अनिवार्य होगा। जो पिछले छः माह से अधिक पुराना न हो।

14— संस्था का लेबर एक्ट में पंजीकरण होना अनिवार्य है निविदा प्रपत्र के साथ प्राप्त पंजीकरण, लाइसेंस/ई0पी0एफ/इ0एस0आई0 व अन्य नियमानुसर आवश्यक पंजीकरण प्रपत्र संलग्न होना अनिवार्य है साथ ही सेवा कर/आयकर क्लीयरेन्स भी संलग्न करना आवश्यक है। साथ ही किसी अन्य संस्थान की ई0पी0एफ0/ई0एस0आई0 कम से कम 100 चतुर्थ श्रेणी श्रमिकों का जमा रिटर्न की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

15— निविदादाता द्वारा सेवायोजित किये गये किसी भी कर्मचारी का चिकित्सा महाविद्यालय अथवा चिकित्सालय में किसी भी प्रकार का कोई क्लेम नहीं होगा। क्लेम की जिम्मेदारी पूर्णतया निविदादाता की होगी।

16— निविदा दाता द्वारा सभी प्रकार के श्रम कानून, न्यूनतम वेतन, बोनस, ग्रेज्युटी, ई0पी0एफ0 एवं ई0एस0आई0/सेवाकर आदि के नियमों का अनुपालन अनिवार्य होगा तथा इनका उल्लेख भी निविदा की दरों में करना आवश्यक है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अलग से कोई भुगतान नहीं किया जायेगा।

17— सेवा अवधि में निविदा दाता के किसी भी कर्मचारी को चोट लगने/दुर्घटना की दशा में समस्त उत्तरदायित्व निविदादाता का होगा। इस चिकित्सा महाविद्यालय/चिकितालय का कोई भी उत्तरदायित्व नहीं होगा। उक्त स्थिति से सम्बन्धित कोई भी क्लेम स्वीकार्य नहीं होगा।

18— निविदा दाता द्वारा निविदा प्रपत्र में अंकित नियम एवं शर्तो के अतिरिक्त कोई भी अन्य शर्त स्वीकार्य नहीं होगी।

19— यह निविदा दरों के अनुमोदन हेतु मान्य है एवं किसी प्रकार का अनुबन्ध नहीं है। यह मध्यस्थता अधिनियम से अच्छादित नहीं होगा।

20— चिन्हित स्थानों पर राउन्ड–द–क्लाक सफाई व्यवस्था जिसमें टायलेट पूर्ण रूप से साफ तथा दुर्गन्ध रहित रहने चाहिए।

21— सफाई कर्मचारी को रोगी की आवश्यकतानुसार सभी कार्य करना होगा।

22— आवश्यकतानसुार कर्मचारियों की संख्या घटायी–बढ़ायी जा सकती है। पदों की सूची कार्यालय में कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

23— जैविकीय अपशिष्ठ निस्तारण अधिनियम के अनुसार करना होगा। इस सम्बन्ध में किसी भी पेनलटी/उत्तरदायित्व निर्धारण की पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होंगी।

24— (क) आकस्मिकता की स्थिति में प्रतिष्ठान का तत्काल अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत होना अनिवार्य होगा अन्यथा की दशा में समुचित पेनाल्टी निर्धारित कर दी जायेगी।
(ख) असंतोषजनक सेवाओं की स्थिति में पेनाल्टी निर्धारण के उपरान्त पेनाल्टी की धनराशि की वसूली, प्रतिष्ठान की जमा Security money से कर ली जायेंगी।

25— किसी भी निविदा को बगैर कारण बताये आंशिक/पूर्ण स्वीकार करने/अस्वीकार/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

26— निविदादाता एवं विभाग से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज, आगरा को अन्तिम निर्णय का अधिकार होगा एवं उनका निर्णय सभी पक्षों के लिए बाध्यकारी होगा। इसके पश्चात् भी किसी भी वाद–विवाद के लिए न्याय क्षेत्र आगरा न्यायालय होगा।

27— स्वीकृत दरों का इकरारनामा शेष वित्तीय वर्ष एवं 31.03.2017 तक के लिए किया जायेगा। अथवा अगले वित्तीय वर्ष के टेण्डर स्वीकृत होने तक जो भी बाद में हो।

28— स्वीकृत दर अनुबन्ध वाली फर्म की संतोषजनक सेवायें पाये जाने पर दर अनुबन्ध एक–एक वर्ष के लिए उन्हीं स्वीकृत दरों को अधिकतम तीन वर्ष तक के लिए बढ़ाया जा सकता हैं।

29— फर्म का 1 करोड़ का टर्नओवर पिछले तीन वर्षो का होना चाहिए।

30— सुरक्षा व्यवस्था कार्य हेतु संस्था का सिक्योरिटी एक्ट 2005 के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है।

31— निविदादाता को कम से कम 50 लाख का हैसियत प्रमाण पत्र लगाना होगा।

32— निविदादाता फर्म आई0एस0ओ0 प्रमाणित होनी चाहिए।

निविदा प्रपत्र क्रम संख्या–01 से 31 तक अनुच्छेदों में वर्णित सभी नियमों व शर्तों को पढ़ व समझ लिया है और यह सभी मुझे पूर्ण रूप से मान्य हैं।

हस्ताक्षर निविदादाता

प्रतिष्ठान का नाम :

पूरा पता :

## आउट सोर्सिंग के माध्यम से रिक्त पदो ंके सापेक्ष स्वीपर/अन्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं अन्य सुरक्षा गार्डों की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र

## वित्तीय वर्ष 2016–17

## चैक लिस्ट

| क्र.सं. | प्रपत्र | संलग्नक |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना के अनुसार वांछित धरोहर राशि रू0 4,00,000/– (रु0 चार लाख मात्र) प्रधानाचार्य, स.ना.मेडिकल कॉलेज, आगरा के पक्ष में बन्धक हो | |
| 2 | लेबर रजिस्ट्रेशन एण्ड लाइसेन्स | |
| 3 | ई0पी0एफ0 एवं ई0एस0आई0 रजिस्ट्रेशन छायाप्रति | |
| 4 | संगत व्यापार/कार्य सम्बन्धी अनुभव प्रमाण–पत्र<br>(शासकीय हास्पीटल में कम से कम 100 श्रमिक आपूर्ति का) | |
| 5 | पते के प्रमाणन तथा अन्य कोई सूचनाएं (आई0डी0 प्रूफ) | |
| 6 | सिक्योरिटी एक्ट 2005 रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र | |
| 7 | रु0 एक करोड़ प्रतिवर्ष कम से कम तीन वर्षों का टर्नओवर प्रमाण पत्र | |
| 8 | निविदादाता का कम से कम 50 लाख का हैसियत प्रमाण पत्र जिलाधिकारी | |
| 9 | सम्बन्धित प्रतिष्ठान/व्यक्ति जिलाधिकारी कार्यालय से निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (छः माह से अधिक पुराना न हो) | |
| 10 | प्रतिष्ठान/व्यक्ति को आयकर विभाग/ट्रेड टैक्स विभाग में पंजीयन तथा दोनों विभागों द्वारा विगत तीन वर्षो का किये गये अन्तिम निस्तारण की प्रति | |
| 11 | पंजीकरण, लाइसेंस/ई0पी0एफ/इ0एस0आई0 व अन्य नियमानुसर आवश्यक पंजीकरण प्रपत्र | |
| 12 | ई0पी0एफ0/ई0एस0आई0 कम से कम 100 चतुर्थ श्रेणी श्रमिकों का जमा रिटर्न की प्रति | |
| 13 | निविदा प्रपत्र में दी गयी सभी शर्ते मान्य है का रू0 10 नान ज्यूडीसियल स्टाम्प पेपर पर एक शपथ पत्र | |
| 14 | निविदादाता फर्म का आई0एस0ओ0 प्रमाण पत्र | |

हस्ताक्षर निविदा दाता :

प्रतिष्ठान का नाम :

पूरा पता :

# सरोजिनी नायडू मेडिकल कालेज एवं चिकित्सालय, आगरा
**वित्तीय वर्ष 2016–17**

**<u>आउट सोर्सिंग के माध्यम से रिक्त पदो ंके सापेक्ष स्वीपर/अन्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं अन्य सुरक्षा गार्डों की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र</u>**

प्रधानाचार्य,
एस0एन0 मेडिकल कॉलेज, आगरा।

## प्राइस बिड

निविदा दाता का नाम ..........................................................................................................

पूरा पता ..........................................................................................................

..........................................................................................................

| क्र.सं. | मैन पावर | यूनिट | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | **आउट सोर्सिंग के माध्यम से रिक्त पदो ंके सापेक्ष स्वीपर/ अन्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं अन्य सुरक्षा गार्डों की आपूर्ति** | प्रति व्यक्ति प्रतिमाह प्रतिदिन 8 घंटे कार्य | |

हस्ताक्षर निविदा दाता :

प्रतिष्ठान का नाम :

पूरा पता :

**गवाह –**

**नाम** **पूरा पता** **हस्ताक्षर**

1–

\` \`

2–

## कार्यालय प्रधानाचार्य, स0ना0 मेडीकल कॉलेज एवं चिकित्सालय, आगरा।
## निविदा प्रपत्र : 2016–2017

**<u>टैक्नीकल बिड</u>**

निविदा का मूल्यः रू. 1000.00

प्रधानाचार्य
स.ना. मेडिकल कालेज, आगरा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. निविदा का नाम | : | **भवन मरम्मत, रख–रखाव और रंगाई–पुताई का कार्य एवं सिविल के लधु निर्माण कार्य ।** |
| 2. ठेकेदार/फर्म का नाम | : | ............................................................ |
| 3. पत्र व्यवहार का पूरा पता | : | ............................................................ |
| 4. बयाने की राशि | : | रु0 80,000.00 |
| 5. जमानत राशि | : | रु0 4,00,000.00 |
| टेण्डर बिक्री का दिनांक | : | 09.08.2016 से दिनांक 16.08.2016 तक<br>प्रातः 11:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक |
| टेण्डर डालने का दिनांक | : | दिनांक 17.08.2016 को दोपहर 2:00 बजे तक |
| टेण्डर खोलने का दिनांक | : | दिनांक 17.08.2016 को अपराह्न 3:00 बजे। |

| कम सं0 | वांछित प्रपत्र | संलग्न है/नहीं है |
|---|---|---|
| 1 | रु0 80,000.00 की बयाने की धनराशि की पोस्ट आफिस की एन.एस.सी. /राष्ट्रीयकृत बैंक से बनी एफ0डी0आर0 (डी.डी. बैंकर चैक,पे आर्डर मान्य नहीं) जो प्रधानाचार्य, सरोजनी नायडू मेडिकल कालेज, आगरा के पक्ष मे बन्धक हो। | |
| 2 | आयकर अदेय प्रमाण पत्र नवीनतम हो। | |
| 3 | वेट रजिस्ट्रेशन। | |
| 4 | सरकारी संस्था में कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र। | |
| 5 | टेण्डर फार्म क्रय की ओरिजिनल रसीद। | |
| 6 | **लोक निर्माण विभाग खण्ड आगरा अथवा किसी सरकारी संस्था में 40.00 लाख तक की श्रेणी का पंजीकरण** | |
| 7. | ठेकेदार का कोई पारिवारिक सदस्य अथवा नजदीकी रिश्तेदार कार्यरत नहीं है और न ही वह किसी प्रकार की किसी स्रोत से सिफारिश करायेगा से सम्बन्धित प्रमाण पत्र। | |
| 9. | रू. 40–00 लाख का टर्न ओवर प्रमाण पत्र | |

**नियम व शर्तें :–**

1. निविदा देने वाली फर्म/ठेकेदार को अपनी निविदा के साथ बयाने की राशि रु0 80,000.00 (रु. अस्सी हजार) की एफ.डी.आर. के रूप में ओरिजिनल निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। एफ.डी.आर. प्रधानाचार्य, स.ना.मेडिकल कालेज एवं चिकित्सालय, आगरा के नाम बंधक होनी चाहिये जिस निविदा के साथ बयाने की राशि एफ.डी.आर. संलग्न नहीं होगी वह निविदा निरस्त मानी जायेगी।
2. स्वीकृत निविदा की दरें 31.03.2017 तक अथवा अगले वित्तीय वर्ष के निविदा स्वीकृत होने तक के लिये मान्य होंगी।
3. लोक निर्माण विभाग, निर्माण खण्ड के शैडयूल में जो भी कार्य आते हैं वह सभी कार्य या उसमें से स्वीकृत कुछ कार्य निविदादाता से कराये जाते हैं तो ठेकेदार को कोई आपत्ति नहीं होगी।
4. यदि निविदादाता निविदा स्वीकृत हो जाने पर निविदा संबंधी कार्यवाही जैसे जमानत की राशि की एफ.डी. आर., इकरारनामा आदि कार्यवाही निर्धारित समय के अंदर पूरी नहीं करता है तो उसकी निविदा निरस्त करते हुये उसकी बयाने की राशि को सरकारी कोष में जमा करा दिया जायेगा।
5. निर्धारित समय व दिनांक के बाद प्राप्त होने वाली निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. निविदा ओरिजिनल एवं डुप्लीकेट सीलबन्द लिफाफों में अलग–अलग होनी चाहिये ओरिजिनल निविदा के साथ बयाने की राशि की एफ.डी.आर. जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/पोस्ट आफिस द्वारा प्रधानाचार्य, स.ना. मेडिकल कालेज, आगरा के नाम बन्धक हो और टेण्डर फार्म क्रय की रसीद लगी होनी चाहिये। टेण्डर कार्यालय से क्रय किये गये प्रपत्र पर ही मान्य होगी।
7. ठेकेदार/फर्म निविदा स्वीकृत होने पर अपना ठेका अन्य किसी फर्म को या ठेकेदार को स्थानान्तरित करने का अधिकारी न होगा यदि व ऐसा करता है तो उसका ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। बयाने की राशि जब्त करते हुए सरकारी कोष में जमा कर दी जायेगी।
8. टेण्डरदाता केवल पी.डब्लू.डी./उ.प्र.सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/उ.प्र.सरकार के प्राधिकरण में भवन निर्माण के लिये **लोक निर्माण विभाग खण्ड आगरा अथवा किसी सरकारी संस्था में** पंजीकरण होगा, उसी की निविदा पर विचार किया जायेगा।
9. निविदा स्वीकृत किये जाने हेतु निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन तक मान्य होगी।
10. फर्म/ठेकेदार को यह प्रमाण–पत्र देना होगा कि वह इससे कम दर पर किसी अन्य संस्था में कार्य नहीं कर रहे हैं।
11. जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र जोकि निविदा डालने की तिथि को वैध हो।
12. निविदा डालने वाले व्यक्ति का राजपत्रित अधिकीर द्वारा सत्यापित फोटो।
13. सामान्यतः जिस ठेकेदार की निविदा स्वीकृत होगी उसे भवन के आन्तरिक एवं बाह्य विद्युतिकरण का कार्य लो0नि0वि0 की वर्तमान में प्रचलित दरों पर करनी होगी, परन्तु ठेकेदार का भुगतान तभी किया जायेगा जब ठेकेदार यह प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा कि विद्युतिकरण का कार्य उसने लो0नि0वि0 में पंजीकृत बिजली ठेकेदार अथवा विद्युत सुरक्षा निदेशालय द्वारा लाइसेंस प्राप्त ठेकेदार से कराया है।
14. ठेकेदार को समस्त सामग्री की व्यवस्था साइट पर स्वयं करनी होगी, विभाग द्वारा न तो कोई सामग्री आपूर्ति की जाये और न ही कोई टैक्स वहन किया जायेगा। ठेकेदार अपने खर्चे पर कार्यस्थल आदि का विधिवत निरीक्षण कर लें तथा भविष्य में सामग्रियों/श्रमिकों के भाव परिवर्तन आदि को दृष्टिगत रखकर ही दरें डालें। टेण्डर डालने के बाद यह समझा जायेगा कि उन्होंने स्वयं को कार्यस्थल की स्थानीय दशाओं, रेखाचित्रों, विशेष विवरण, संविदा शर्तों आदि से परिचित कर लिया गया है।
15. टेण्डर स्वीकृत होने पर टेण्डरदाता को निर्धारित जमानत की राशि की एफ.डी.आर. बन्धक की हुई और सरकारी मूल्य के निर्धारित स्टाम्प पेपरों पर इकरारनामा करना होगा तभी दर अनुबन्ध पूरा माना जायेगा।
16. पी.डब्लू.डी. शेड्यूल के अलावा बाजार भाव के मूल्य पर जो कार्य किया जायेगा उसकी दरों को पूर्ण विवरण सहित अधोहस्ताक्षरी से स्वीकृत कराना होगा, तभी दरें मान्य होंगी।
17. टेण्डरदाता को टेण्डर के साथ आयकर अदेय प्रमाण पत्र (नवीनतम), बिक्रीकर एवं वैट पंजीयन, अनुबन्ध प्रमाण–पत्र, पी.डब्लू.डी./उ.प्र.सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/उ.प्र.सरकार के प्राधिकरण में रजिस्ट्रेशन आदि के प्रमाण–पत्र संलग्न करने होंगे अन्यथा टेण्डर अधूरा माना जायेगा और उस पर विचार नहीं किया जायेगा।
18. टेण्डरदाता का वार्षिक टर्नओवर कम से कम रु0 40.00 लाख का होना अनिवार्य है।
19. टेण्डरदाता को किसी सरकारी संस्था में कम से कम तीन वर्ष के दर अनुबन्ध के कार्यों का अनुभव प्रमाण पत्र टेण्डर के साथ लगाना होगा।

20. टेण्डरदाता को दर अनुबन्ध स्वीकृत होने पर किये जाने वाले कार्यों के सापेक्ष नियमानुसार जलमूल्य, विद्युत मूल्य, भवन किराया आदि एवं सभी प्रकार के टैक्स जमा करने होंगे।
21. निर्धारित समय से कार्य पूरा न होने पर फर्म/ठेकेदार पर अनुबन्ध की शर्तों के अनुरूप आर्थिक दण्ड लगाया जायेगा।
22. समस्त कार्य कार्यादेश में दी गयी समयावधि के अन्दर ही पूर्ण कराने होंगे। समय अवधि किन्हीं विशेष परिस्थिति में ही परिवर्तित की जायेगी किन्तु ठेकेदार इसके लिए बाध्य नहीं कर सकता है। निर्धारित समयावधि के अन्दर कार्य पूर्ण न करने की दशा में 50/– प्रतिदिन के हिसाब से एक निश्चित अवधि तक कटौती की जायेगी। यदि इसके बावजूद भी ठेकेदार कार्य पूर्ण नहीं कर पाता है, तो ऐसे अवशेष कार्य को किसी अन्य ठेकेदार/संस्था आदि से पूर्ण कराया जायेगा तथा इस प्रकार से व्यय होने वाली धनराशि को ठेकेदार के बिलों अथवा जमानत की धनराशि से काटकर वसूली की जायेगी।
23. शर्तों के साथ रु0 10 के नान जूडिशियल स्टाम्प पर ठेकेदार को अपना हस्ताक्षर करके लगाना आवश्यक है।
24. किसी भी विवाद की स्थिति में प्रधानाचार्य का निर्णय अन्तिम व मान्य होगा। यदि आवश्यक होगा तो न्याय क्षेत्र आगरा न्यायालय होगा।

# <u>घोषणा पत्र</u>

उपरोक्त लिखी गई नियम व शर्तों के अन्तर्गत मैं श्री ...................................................... पुत्र श्री ........................................ निवासी ......................................................................................................... अपनी निविदा **भवन मरम्मत, रख–रखाव और रंगाई–पुताई आदि कार्य** करने हेतु दिनांक 31.03.2017 तक अथवा अगले वित्तीय वर्ष की निविदा स्वीकृत होने तक के लिये अपनी दरें प्रेषित कर रहा हूॅं। मैंने बयाने की राशि का एफ.डी.आर.रु0 80,000.00 राष्ट्रीयकृत बैंक/पोस्ट आफिस का नाम...................................................... रसीद नं0 .................................. दिनांक .................. रु0 ............................. है, जो प्रधानाचार्य, स.ना. मेडिकल कालेज एवं चिकित्सालय, आगरा के नाम बन्धक है, इस टेण्डर के साथ संलग्न कर रहा हूॅं। मेरे द्वारा इकरारनामे को पढ़ लिया है। मुझे टेण्डर नोटिस, टेण्डर व इकरारनामें की सभी शर्तें मन्जूर हैं यदि मैं निर्धारित समय के अन्दर ठेके की कार्यवाही जमानत की राशि, इकरारनामा आदि पूर्ण करने में असफल रहॅू तो मेरे बयाने की राशि को जब्त करके सरकारी कोष में जमा करा दिया जाये। जो दरें पी.डब्लू.डी. शेड्यूल/बाजार भाव पर दी जायेंगी वह अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक नहीं होंगी। यदि इससे अधिक पायी जाती हैं तो मूल्य की क्षतिपूर्ति के लिए मैं जिम्मेदार रहूंगा। इन नियमों व शर्तों के विरूद्ध मैं किसी भी कार्यवाही करने का अधिकारी नहीं रहॅूगा।

टेण्डर देने वाले फर्म/ठेकेदार के हस्ताक्षर

स्थान–

दिनांक–

**कार्यालय प्रधानाचार्य, स0ना0 मेडीकल कॉलेज एवं चिकित्सालय, आगरा।**
**निविदा प्रपत्र : 2016–2017**

## <u>प्राइस बिड</u>

| क.सं. | निविदा का विवरण | निविदा की दरें पी.डब्लू.डी. शैडयूल के अनुसार |
|---|---|---|
| 1. | दरें लोक निर्माण विभाग खण्ड आगरा के उपलब्ध नवीनतम लागू शैड्यूल से ब्लो/एबव/एटपार प्रतिशत में दी जाय। लोक निर्माण विभाग खण्ड आगरा के उपलब्ध नवीनतम लागू शैड्यूल से प्रभावी के अनुसार भवन लघु निर्माण कार्य, रख–रखाव और रंगाई–पुताई एवं मरम्मत/सिविल कार्य आदि करने होंगे। दरों की तुलना वर्तमान में वैध पी.डब्लू.डी. नवीनतम लागू शैडयूल से की जायेगी। | |

टेण्डर देने वाले फर्म/ठेकेदार के हस्ताक्षर
नाम–
पूरा पता–

स्थान–
दिनांक–